भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 307

(19 नवंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सड़कों का निर्माण

307. एडवोकेट ए.एम. आरिफः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अलप्पुझा समेत केरल में 2015 से अब तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की सहायता से निर्मित सड़कों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2019-20 के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत केरल में निर्माण के लिए प्रस्तावित सड़कों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या सरकार केरल के तटीय क्षेत्रों में भूमि के अभाव के कारण पीएमजीएसवाई सड़कों की संबंधित चौड़ाई 6 मीटर से बदलकर 4 मीटर करेगी तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) : राज्य से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2015 से अब तक अलप्पुझा सहित केरल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की सहायता से कोई सड़क नहीं बनाई गई है।

(ख) : केरल राज्य ने सूचित किया है कि वर्ष 2019-20 के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 230 किमी लंबाई की 79 सड़कों को पूरा करने का लक्ष्य है, जिनमें से 55 किमी लंबी सड़कें पूरी कर ली गई हैं।

(ग) : फिलहाल, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****